बिहार के बांका जिले को दूरदर्शन के प्रसारण का लाभ

747. **श्री जर्नादन यादव:** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि बांका जिले को दूरदर्शन के प्रसारणों का कोई लाभ नहीं मिल रहा है जबकि भागलपुर और देवधर जिले दूरदर्शन प्रसारणों का लाभ उठा रहे हैं;

(ख) बांका जिले को दूरदर्शन के प्रसारणों का कोई लाभ न मिलने के क्या कारण हैं; और

(ग) क्या सरकार बांका जिले में मंदार पर्वत पर एक दूरदर्शन केन्द्र स्थापित करने का विचार रखती है?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री एस० जयपाल रेड्डी): (क) जी, नहीं,

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) हालांकि बांका जिले में मन्दार पर्वत पर कोई टी० वी० ट्रांसमीटर स्थापित करने की फिलहाल कोई अनुमोदित स्कीम नहीं है तथापि क्षेत्र में टी वी सेवा में और वृद्धि करना संसाधनों, अन्य आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता तथा पारस्परिक प्राथमिकताओं पर निर्भर होगा।

अजमेर में तारागढ़ पर्वत पर उच्च शक्तिवाला प्रसारण केन्द्र

748. **श्री ओंकार सिंह लखावत:** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या अजमेर में तारागढ़ पर्वत पर उच्च शक्ति वाले प्रसारण केन्द्र की स्वीकृति प्रदान की गई है; यदि हां, तो यह कब से कार्य करना शुरू कर देगा;

(ख) क्या एक सर्वदलीय शिष्टमंडल माननीय सूचना और प्रसारण मंत्री से अजमेर में मिला था और माननीय मंत्रीजी ने उन्हें आश्वासन दिया था कि कार्य दीपावली 1997 के आसपास आरंभ हो जायेगा; और

(ग) उक्त प्रसारण के अंतर्गत कुल कितने किलोमीटर क्षेत्रफल आएगा?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री एस० जयपाल रेड्डी): (क) अजमेर में तारागढ़ फोर्ट हिल पर उच्च शक्ति टी वी ट्रांसमीटर स्थापित करने संबंधी स्कीम सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित कर दी गयी है और स्थल पर कार्य पहले ही आरम्भ कर दिया है। उच्च शक्ति ट्रांसमीटर के 2000-2001 तक पूरा हो जाने की आशा है।

(ख) ऐसी कोई सूचना उपलब्ध नहीं है।

(ग) यह उच्च शक्ति ट्रांसमीटर इस उच्च शक्ति ट्रांसमीटर से लगभग 110 कि०मी० की त्रिज्यीय दूरी के अन्तर्गत रहने वाले लोगों को टी वी सेवा उपलब्ध कराएगा।

Complaint against Broadcasting of Obscene Programmes on FM Channel of AIR

749. SHRI AMAR SINGH: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state:

(a) whether Government have received any complaint against broadcasting of obscene programme on FM channel of All India Radio, which violated ethical and moral norms of Society,

(b) what are the names of such programmes broadcast on All India Radio and whose approval was obtained, and

(c) the details of the action taken in this regard?

THE MINISTER OF INFORMAITON AND BROADCASTING (SHRI S. JAIPAL REDDY): (a) A case has been filed by Azadi Bachao Andolan, Delhi in this regard before the Chief Metropolitan Magistrate, Delhi with All India Radio as respondent.

(b) The names of programmes are "Balance Barabar" and "Kam Ki Batt". The programme "Balance Barabar" was produced by "Population Services International", a Non-Governmental Organisation and the scripts of the programmes were vetted by All India Radio authorities. The programme "Kam Ki Batt" was produced by Times FM, a private party licensed to broadcast programmes on FM Channel. The programme produced by private licencees are not previewed by All India Radio although they are supposed to strictly adhere to the code of conduct and ethical standards as per the contract guidelines.